भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1421
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

कॉल ड्रॉप और खराब ऑडियो कनेक्टिविटी

1421. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री लुम्बा राम:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विभिन्न सर्किलों में टावरों के फाइबर बैकहॉल की कमी के कारण 5जी ग्राहकों से कॉल ड्रॉप और खराब ऑडियो कनेक्टिविटी की शिकायतें निरंतर मिल रही हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या राजस्थान सहित देश के सभी प्रमुख शहरों, विशेषकर जालौर सिरोही में 5जी सेवाओं के विस्तार के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख): 5जी ग्राहकों से अलग से कॉल ड्रॉप और खराब ऑडियो कनेक्टिविटी की कोई शिकायत नहीं मिली है। हालांकि केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पोर्टल में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार "कॉल ड्रॉप" श्रेणी में पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्राप्त कुल शिकायतें **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न हैं।

(ग) और (घ): देश भर के सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क शुरू कर दिया गया है और वर्तमान में 5जी सेवाएं देश के 750 से अधिक जिलों और 8,000 कस्बों/शहरों (राजस्थान सहित विशेष रूप से जालौर, सिरोही में) में उपलब्ध हैं। अब तक 4.4 लाख से अधिक 5जी आधारित ट्रांसीवर स्टेशनों (बीटीएस) को संस्थापित किया गया है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने 5जी सेवाओं का विस्तार किया है और स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रण नोटिस (एनआईए) में निर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से आगे हैं। इन दायित्वों के आगे मोबाइल सेवाओं का विस्तार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के तकनीकी-वाणिज्यिक विचार पर निर्भर करता है।

अनुबंध-I

माननीय सांसद श्री बिद्युत बरन महतो और श्री लुम्बा राम द्वारा "कॉल ड्रॉप और खराब ऑडियो कनेक्टिविटी" के संबंध में पूछे गए दिनांक 31 जुलाई, 2024 के लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1421 के उत्तर के भाग (क) और (ख) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध।

पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान "कॉल ड्रॉप" श्रेणी में प्राप्त कुल शिकायतें

वर्ष वार	कॉल ड्रॉप शिकायतें
2021	2169
2022	877
2023	1833
2024	929

*****